**विज्ञापन संख्या.383/HR/Non-Ex/25-26** **दिनांक: 15.10.2025**

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न कंपनी तथा भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को बेंगलूरू संकुल के लिए स्थाई आधार पर निम्नोक्त कार्मिकों की आवश्यकता है-

### 1.0 पदों का विवरण, न्यूनतम पात्रता मानदंड एवं वेतनमान-

| क्र.सं. | पद | योग्यता | विषय / ट्रेड | पदों की संख्या | आरक्षण का प्रकार | श्रेणी/ करियर पाथ / वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षणार्थी (ईएटी)* | मान्यता प्राप्त संस्था से 03 वर्षों के इंजीनियरिंग में डिप्लोमा | इलेक्ट्रॉनिक्स | 40 | अनारक्षित- 32<br>ईडब्ल्यूएस- 08<br>अ.पि.व.- 22<br>अ.जा.- 13<br>अ.ज.जा.- 05 | श्रेणी: WG-VII / CP-VI<br>वेतनमान: रु. 24,500 – 3% – रु. 90,000/- + स्वीकार्य भत्ते |
| | | | मेकानिकल | 29 | | |
| | | | सी एस | 05 | | |
| | | | इलेक्ट्रिकल | 06 | | |
| | | | **कुल** | **80** | | |
| 2 | तकनीशियन 'सी' | एसएसएलसी + आईटीआई + 01 वर्ष का शिक्षुता प्रशिक्षण अथवा एसएसएलसी + 03 वर्ष राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम | इलेक्ट्रॉनिक मेकानिक | 46 | अनारक्षित- 33<br>ईडब्ल्यूएस- 08<br>अ.पि.व.- 22<br>अ.जा.- 13<br>अ.ज.जा.- 06 | श्रेणी : WG-IV / CP-V<br>वेतनमान : रु. 21,500/- – 3% – रु.82,000/- + स्वीकार्य भत्ते |
| | | | फिटर | 26 | | |
| | | | मशीनिस्ट | 04 | | |
| | | | इलेक्ट्रीशियन | 06 | | |
| | | | **कुल** | **82** | | |
| | | | **सकल योग** | **162** | | |

* शुरुवात में अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षणार्थी (ईएटी) को छः महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिस दौरान उन्हें रु.24,000/- प्रति माह वृत्ति का भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने और श्रेणीकरण परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उन्हें ऊपर दर्शाए गए नियमित वेतनमान दिया जाएगा।

**नोट :** सरकारी दिशानिर्देशानुसार पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को आरक्षण दिया जाएगा।

**प्रयोग किया गया संक्षिप्त शब्द -** अ.ना.=अनारक्षित, अ.पि.व.(गै.न.व.)=अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर नवोन्नत वर्ग), अ.जा.-अनुसूचित जाति, अ.ज.जा.=अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस =आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडबल्यूबीडी=बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति

**2.0** **पात्रता मानदंड-**

**2.1 राष्ट्रीयता - :** अभ्यर्थी भारतीय नागरिक होना चाहिए।

**2.2 आयु मानदंड (यथा 01.10.2025 को) :**

| क्र.सं. | पद | न्यूनतम आयु | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| 01 | अभियंत्रिकी सहायक प्रशिक्षणार्थी (ईएटी) | 18 वर्ष | 28 वर्ष |
| 02 | तकनीशियन 'सी' | 18 वर्ष | 28 वर्ष |

**निर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा सामान्य एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित है।**

**2.3 ऊपरी आयु सीमा में छूट:**

| क्र.सं. | वर्ग | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर नवोन्नत वर्ग) | 3 वर्ष |
| 2 | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 3 | न्यूनतम 40% अक्षमता सहित बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) | 10 वर्ष |

**a.** माध्यमिक शिक्षाबोर्ड द्वारा माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक उत्तीर्ण करने पर जारी किया गया प्रमाण-पत्र ही आयु के समर्थन में एक स्वीकार्य दस्तावेज होगा,जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो। माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि उपलब्ध न होने की स्थिति में सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए जन्म प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा।

**b.** आयु में छूट के इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी और उसे सत्यापन के लिए, चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा।

**c.** ईडब्ल्यूएस / जाति/ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ही होने चाहिए अन्यथा अभ्यर्थी को 'सामान्य' श्रेणी के तहत विचार किया जाएगा बशर्ते कि वे सामान्य अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित सभी मानदंडों को पूरा करते हों।

**d.** **अ.पि.व. के गैर-नवोन्नत वर्ग (गै.न.व.) अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण/ छूट/ रियायत** दस्तावेज, सत्यापन के समय दिनांक 01.10.2024 को या उसके बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में "केंद्रीय सरकारी पदों में नियुक्ति के लिए" घोषणा के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (गै.न.व.) के प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करने की शर्त पर होगी। आय प्रमाण-पत्र को अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण-पत्र नहीं माना जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध हैं)

**e.** वर्ष 2024-2025 के लिए सक्षम प्राधिकारी*** द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध है)।

**f.** एक बार ऑनलाइन आवेदन में घोषित होने के बाद वर्ग (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व (गै.न.व)/ ईडब्ल्यूएस /पीडबल्यूबीडी/पूर्व सैनिक) में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

g. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी के लिए न्यूनतम 40% दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों को ऊपर उल्लिखित अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (गै.न.व.) छूट के अलावा 10 (दस) वर्षों की छूट मिलेगी।

h. सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्व सैनिकों को आयु में छूट दी जाएगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में अपेंडिक्स-3 प्रस्तुत करना होगा जिस पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया गया हो।

## 3.0 शैक्षिक अर्हता -

### 3.1 अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षणार्थी :

a) अभ्यर्थियों को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से संगत विषय में तीन साल का अभियांत्रिकी डिप्लोमा पूरा होना चाहिए।

b) अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम पूरा होने और अंकों के प्रतिशत के प्रमाण के रूप में अनिवार्य रूप से अनंतिम/अंतिम /डिप्लोमा प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।

c) यदि कोई विश्वविद्यालय/संस्थान या महाविद्यालय एसजीपीए/सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए या लेटर ग्रेड की मूल्यांकन प्रणाली का अनुसरण करता है, तो अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वे विश्वविद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय द्वारा जारी प्रतिशत (%) का साक्ष्य प्रस्तुत करें।

### 3.2 तकनीशियन 'सी' -

a) अभ्यर्थियों को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में एसएसएलसी + आईटीआई और संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र के साथ एक साल का शिक्षुता प्रशिक्षण या संबंधित ट्रेड में एसएसएलसी + 3 साल का राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम पूरा किया हो।

b) अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम पूरा होने और अंकों के प्रतिशत के प्रमाण के रूप में अनिवार्य रूप से अनंतिम/अंतिम/आईटीआई/अप्रेंटिस प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।

c) ऊपर उल्लिखित योग्यता पर ही विचार किया जाएगा। उपर्युक्त निर्धारित योग्यता के समतुल्य योग्यता प्राप्त करने का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 3.3 अंकों का न्यूनतम प्रतिशत:

| क्र.सं. | पद | अंकों का न्यूनतम प्रतिशत (प्राप्तांक) |
|---|---|---|
| 01 | अभियंत्रिकी सहायक प्रशिक्षणार्थी (ईएटी) | सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व.(गै.न.व.) - 60%,<br>अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी - 50% |
| 02 | तकनीशियन 'सी' | सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व.(गै.न.व.) - 60%,<br>अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी - 50% |

## 4.0 अनुभव : शून्य

## 5.0 कर्नाटक रोजगार केंद्र में पंजीकरण :

अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षणार्थी और तकनीशियन 'सी' पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए कर्नाटक रोजगार केंद्र में पंजीकरण अनिवार्य है। यथा दिनांक **04.11.2025** को रोजगार केंद्र का पंजीकरण वैध और सक्रिय होना चाहिए। अवधि समाप्त/निष्क्रिय रोजगार केंद्र पंजीकरण कार्ड पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 6.0 चयन का माध्यम :

**a.** अर्हता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों एवं जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए गए हैं, उन्हें बेंगलुरु में आयोजित होने वाली **कंप्यूटर आधारित परीक्षा** के लिए अनंतिम रूप से अल्पसूचित किया जाएगा।

**b.** अभ्यर्थी जो अर्हताओं को पूरा करते हैं और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए गए हैं, उन्हें एसएमएस और ई-मेल भेजा जाएगा। उन्हें बीईएल वेबसाइट पर लॉग इन करना होगा और एक्सेस के लिए अपने प्रत्यय-पत्र दर्ज करने होंगे एवं उनका **कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रवेश पत्र** डाउनलोड करना होगा ।

**c.** अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र का प्रिंट लेना होगा और उसमें दिए गए अनुदेशों का पालन करना होगा। कृपया नोट करें कि प्रवेश पत्र ई-मेल या प्रथागत मेल के माध्यम से नहीं भेजे जाएंगे।

**d.** अभ्यर्थी जिनके आवेदन ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के माध्यम से स्वीकार किए गए हैं, वे संबंधित केंद्र में कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने के पात्र हैं। प्रवेश-पत्र बीईएल वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

**e.** पात्र अभ्यर्थियों को निम्निलिखित 150 अंकों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होना होगा -

**भाग I: सामान्य योग्यता –** 50 अंक - इसमें सामान्य मानसिक क्षमता और तार्किक तर्क के लिए अभिवृत्ति, विश्लेषणात्मक, समझ क्षमता, मूल संख्यात्मकता, अर्थ निर्वचन कौशल और सामान्य ज्ञान शामिल होंगे।

**भाग II: तकनीकी/ट्रेड योग्यता:** 100 अंकों - इसमें तकनीकी/व्यवासायिक ज्ञान परीक्षा शामिल है जिसमें संबंधित विषय से विशिष्ट प्रश्नों के साथ 100 प्रश्न होंगे।

**न्यूनतम अर्हता अंक इस प्रकार होंगे:**

| वर्ग | प्रतिशत |
|---|---|
| सामान्य/अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस | पृथक रुप से भाग –I एवं भाग-II में 35% |
| अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी | पृथक रुप से भाग –I एवं भाग-II में 30% |

**a.** कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आधार पर अनंतिम रूप से अल्पसूचित किए गए अभ्यर्थियों की सूची, क्वेरी मोड में बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

**b.** कम्प्यूटर आधारित परीक्षा संभवत: **नवम्बर/दिसम्बर 2025** के महीने में आयोजित की जाएगी।

**c.** **गैर-कार्यपालक चयन के सम्बन्ध में कंप्यूटर आधारित परीक्षा के अंकों में टाई को हल करने की विधि-** योग्यता का निर्णय लेने के लिए टाई होने की स्थिति में, निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखा जाएगा-

1. तकनीकी खंड में उच्च अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार, यदि टाई बना रहा तो;
2. टाई बने रहने की स्थिति में सामान्य जागरूकता खंड में उच्च अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार;
3. टाई बने रहने की स्थिति में अर्हता में प्राप्त अंकों का प्रतिशत;
4. जन्म तिथि में वरिष्ठता पर विचार किया जाएगा।

**7.0 वेतन एवं भत्ते :**

चयनित अभ्यर्थियों को पृष्ठ सं. 01 के क्रम सं. 01- पदों का विवरण के कॉलम 7 में दी गई तालिका में उल्लिखित वेतनमान में शामिल किया जाएगा। अभियांत्रिकी सहायक प्रशिक्षणार्थी (ईएटी) को प्रारंभिक अवधि के लिए छः महीने की प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिस दौरान उन्हें रु. 24,000/- प्रति माह की वृत्ति का भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने और श्रेणीकरण परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद उन्हें नियमित वेतनमान दिया जाएगा।

मूल वेतन के अलावा, कंपनी के नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, वार्षिक मूल वेतन पर 30% की दर से अनुलब्धि, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, सामूहिक बीमा, भविष्य निधि, पेंशन, उपदान आदि जैसे अन्य भत्ते पारिश्रमिक पैकेज के तहत होंगे।

**8.0 आवेदन शुल्क:**

सामान्य/अ.पि.व.(गै.न.व.)/ईडब्ल्यूएस वर्ग से संबंधित अभ्यार्थियों को रु.500 + 18% जीएसटी यानी रु. 590/- का आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

- **i.** अ. जा./अ. ज. जा./पीडब्ल्यूबीडी/पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने में छूट दी गई है।
- **ii.** आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले विज्ञापन में दिए गए सभी अनुदेशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढ़ें।
- **iii.** एक बार भुगतान कर दिया गया आवेदन शुल्क कंपनी/बैंक द्वारा अभ्यर्थियों को **वापस नहीं किया जाएगा।**
- **iv.** आवेदन शुल्क ऑनलाइन मोड यानी एसबीआई कलेक्ट का माध्यम से जमा किया जाना है।

**भुगतान करने हेतु अनुदेश :**

बीईएल की वेबसाइट में उपलब्ध भुगतान लिंक पर क्लिक करें या इस लिंक पर क्लिक करें- https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=14842

1) www.onlinesbi.com पर जाएं और 'स्टेट बैंक क्लेक्ट' का चयन करें।
2) निबंधन व शर्तों को स्वीकार करें और प्रोसीड पर क्लिक करें।
3) कार्पोरेशन/संस्थान के राज्य का चयन करें: - ऑल इंडिया
4) पीएसयू चयन करें – सार्वजनिक उपक्रम :- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और सबमिट को क्लिक करें।
5) भुगतान वर्ग का चयन करें- (पद का नाम- बेंगलूर संकुल के लिए गैर-कार्यपालकों की भर्ती) ऊपर दिए गए विवरण के अनुसार भुगतान पूर्ण करें ।
6) सेव करें और भुगतान रसीद का प्रिंट / स्क्रिनशॉट लें एवं आवेदन फॉर्म के साथ संलग्न करें।
7) स्क्रीन शॉट सहित विस्तृत अनुदेश विज्ञापन में दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में भुगतान करने के बाद सृजित **'एसबीआई कलेक्ट रेफरेंस नंबर'** का उल्लेख करना होगा।

**नोट -**किसी त्रुटि के कारण आवेदन शुल्क का प्राप्त न होना जैसे आवेदकों के बैंक से राशि की कटौती नहीं होना, बी ई एल द्वारा विज्ञापित किसी अन्य पद के लिए भुगतान, किसी भी कारण से बी ई एल को भुगतान नहीं होना या कोई अन्य कारण जो सीधे तौर पर बी ई एल से सम्बंधित नही है, उस पर विचार नही किया जाएगा।

**9.0 आवेदन कैसे करें:**

**a)** उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने वाले अभ्यार्थी ऑनलाइन लिंक का उपयोग करते हुए आवेदन कर सकते है https://jobapply.in/BEL2025BNGEATTech ।ऑनलाइन लिंक बीईएल की आधिकारिक बेवसाइट पर भी उपलब्ध है ।

**b)** अभ्यर्थियों के पास एक वैध और सक्रिय ई-मेल आईडी होनी चाहिए, जिसका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन पत्र में किया जाना है। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, साक्षात्कार और अन्य पत्राचार से संबंधित सूचना अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ईमेल आईडी पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी किसी अन्य व्यक्ति की ई-मेल आईडी साझा नहीं करेंगे। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा। एक बार दर्ज करने के बाद ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**c)** कृपया भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन पत्र और भुगतान पावती का प्रिंटआउट लेकर अपने पास रखें।

**d)** कृपया आवेदन पत्र की **हार्डकॉंपी बीईएल के कार्यालय में न भेजें क्योंकि मैनुअल/कागजी आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

**e)** पद के लिए आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

**f)** यदि अंतिम समय की जल्दबाजी के कारण अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा।

**10.0 सामान्य अनुदेश:**

**a)** केवल इस पद के लिए ऊपर उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। बहरहाल, आवेदक की अभ्यर्थता अन्तिम होगी और उसके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्रों/साक्ष्यों सत्यापन के अधीन होगी।

**b)** सरकारी/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में काम करने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना आवश्यक है। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनकी अभ्यर्थता रद्द कर दी जाएगी।

**c)** विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/बोर्ड/परिषद/विश्वविद्यालय से होनी चाहिए। जहाँ कहीं भी एसजीपीए/सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए या अंतिम/दीक्षांत प्रमाण-पत्र में लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन में अंकों के समान प्रतिशत का संकेत दिया जाना चाहिए। एसजीपीए/सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए संस्थान/बोर्ड/परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों का साक्ष्य दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत किया जाएगा।

**d)** अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा देते समय सरकार द्वारा जारी वैध फोटो पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

**e)** आवेदकों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। स्वास्थ्य मानक में कोई छूट की अनुमति नहीं है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति चिकित्सा फिटनेस के मानदंडों और मानकों के अनुसार संचालित किए जाने वाले नियोजन-पूर्व चिकित्सा परीक्षण में उनके चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने की शर्त पर होगी।

**f)** कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए बुलाए गए सभी बाहरी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूडी/पूर्व-सैनिक अभ्यर्थियों को न्यूनतम मार्ग द्वारा वास्तविक टिकटों के प्रस्तुत करने पर उनके पत्राचार पते/स्थान से

भारत में आने-जाने (शयनयान (स्लीपर) श्रेणी ट्रेन किराया) के यात्रा भत्ते की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए सबसे छोटा मार्ग आवेदन पत्र में जिस स्थान को पत्राचार पते के रूप में घोषित किया गया था या जहां से वास्तविक यात्रा शुरू हुई थी, के बीच की दूरी, इनमें से जो भी निकट हो, होगी। यह भी नोट किया जाए कि बैंक खाते का विवरण, आगे की यात्रा के लिए रेलवे/बस का टिकट और स्व-सत्यापित अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र कंप्यूटर आधारित परीक्षा के समय प्रदान किए जाएंगे ताकि अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रासंगिक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद यात्रा भत्ते का भुगतान किया जा सके। यात्रा के लिए यात्रा भत्ता का दावा करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी/पूर्व सैनिकों को मूल जाति/अक्षमता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रतिपूर्ति ईसीएस के माध्यम से बाद की तारीख में की जाएगी।

**g)** स्थानीय यात्रा का खर्च, यदि कोई हो, अभ्यर्थियों द्वारा वहन किया जाएगा।

**h)** यदि किसी आवेदक ने अतीत में अपने/अपनी नियोक्ता या बीईएल के साथ मुकदमेबाजी की है तो उसका उल्लेख संक्षेप में ऑनलाइन आवेदन में स्पष्ट रूप से किया जाए।

**i)** ऑनलाइन आवेदन जो अपूर्ण हैं और निर्धारित शुल्क के बिना हैं, बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**j)** पोर्टल पर केवल पंजीकरण का मतलब यह नहीं है कि अभ्यर्थी पात्रता संबंधी शर्त को पूरा कर रहे हैं। इसे दस्तावेज सत्यापन के समय मूल रूप में प्रासंगिक और वैध दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना है।

**k)** **नोट -**किसी त्रुटि के कारण आवेदन शुल्क का प्राप्त न होना जैसे आवेदकों के बैंक से राशि की कटौती नहीं होना, बी ई एल द्वारा विज्ञापित किसी अन्य पद के लिए भुगतान, किसी भी कारण से बी ई एल को भुगतान नहीं होना या कोई अन्य कारण जो सीधे तौर पर बी ई एल से सम्बंधित नही है, उस पर विचार नही किया जाएगा।

**l)** किसी भी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने चाहिए। एकाधिक आवेदनों के मामले में, केवल नवीनतम वैध (पूरा) आवेदन पर ही विचार किया जाएगा और अन्य आवेदन के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

**m)**मोबाइल फोन/पेजर/आईपैड/आईपॉड/टैबलेट/फेबलेट/स्मार्ट घड़ी/कैलकुलेटर या इस तरह का कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष के भीतर सख्त रूप से मना है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इसे परीक्षा कक्ष में न लाएं। परीक्षा कक्ष के भीतर किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के होने से अभ्यर्थी की अभ्यर्थता रद्द की जा सकती है।

**n)** अभ्यर्थी की पात्रता से संबंधित सभी मामलों में बीईएल का निर्णय, उस चरण जिन पर पात्रता की जांच की जानी है, योग्यताएं और अन्य पात्रता मानदंड अभ्यर्थी पर अंतिम और बाध्यकारी होंगे।

**o)** भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी अभ्यर्थी को अलग से सूचना नहीं दी जाएगी।

**p)** यदि किसी कारण से अभ्यर्थियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता है तो बीईएल कम्प्यूटर आधारित परीक्षा/साक्षात्कार/अंतिम दस्तावेज सत्यापन के किसी भी चरण में अभ्यर्थी को निष्कासित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**q)** चयन प्रक्रिया के सभी/किसी भी चरण में प्रवेश पूरी तरह अनंतिम होगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र/साक्षात्कार के लिए प्रवेश पत्र/ अभ्यर्थी को नियुक्ति के अनंतिम प्रस्ताव के जारी होने से यह मान्य नहीं होगा कि उनकी अभ्यर्थता बीईएल द्वारा मंजूर की गई है।

**r)** न्यूनतम शैक्षिक आवश्यकता को पूरा करने मात्र से अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाने का कोई अधिकार नहीं होगा।

**s)** बीईएल चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर ऊपर दर्शाए गए किसी भी मानदंड,चयन की विधि, पदों की संख्या को बदलने (रद्द/संशोधित/जोड़ने) का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

**t)** यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों के अनुरूप नहीं है, भर्ती/पात्रता/चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर में या नियुक्ति होने के बाद अभ्यर्थता को अस्वीकृत किया जा सकता है । अभ्यर्थी की अभ्यर्थता को किसी भी स्तर में, यदि बीईएल के किसी साक्ष्य/संज्ञान में आता है जो आवेदन में सूचित अर्हता, अनुभव और किसी भी अन्य विवरण / अन्य प्रारूप  जो मान्यता प्राप्त नहीं है / गलत / गुमराह तथा / अथवा सूचना / ब्योराओं को बीईएल के ध्यान में लाए बिना छुपाते हैं, को अस्वीकृती करने के लिए उत्तरदायी होंगी ।

**u)** चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति कम्पनी के मानकों के अनुसार कम्पनी  के चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगी। कम्पनी के चिकित्सा मानकों के अनुसार, इनमे से एक चिकित्सकीय स्थिति में, कलर ब्लाईण्डनेस से ग्रसित उम्मीदवार को इन पदों के लिए अयोग्य माना जाएगा।

**v)** किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना अयोग्यता का परिणाम होगा । यदि अभ्यर्थी को उपयुक्त नहीं समझा जाता है तो बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित/अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**w)** यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी भी संस्करण में खंडों के अर्थ निर्वचन के कारण विवाद उत्पन्न होता है, तो बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण ही मान्य रहेगा ।

**x)** भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद, बेंगलूरु में स्थित न्यायलयों के एकल अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा ।

**y)** बीईएल की एक सशक्त एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां भर्ती प्रक्रिया में चयन मानदंड पूरी तरह से अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर है। बीईएल भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी शुल्क की मांग नहीं करती है या धन जमा करने के अनुरोध नहीं करती है। हम रोजगार की अपेक्षा करने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए संचार से गुमराह न हों तथा बीईएल में रोजगार के लिए भुगतान की मांग करने वालों पर विश्वास न करें । कंपनी ऐसे किसी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं है जो इस तरह के धोखाधड़ी वाले कार्यों का कारण बन सकता है ।

**z)** बीईएल ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**aa)** इस प्रक्रिया से संबंधित आगे की सभी घोषणाएं/विवरण समय-समय पर बीईएल की वेबसाइट www.bel-india.in पर प्रकाशित/प्रदान किए जाएंगे ।

**bb) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर, अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने से पहले दस्तावेज सत्यापन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे। अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे और निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी –**

1) हाल ही में लिए गए पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो ।
2) जन्म तिथि के साक्ष्य के रूप में एसएसएलसी/एसएससी/आईएससी अंक पत्र तथा अन्य कोई वैध दस्तावेज।
3) शैक्षणिक योग्यता के समर्थन में एसएसएलसी से शुरू सभी प्रमाण-पत्र। प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष/सेमेस्टर के आईटीआई/ एनएसी/ अभियांत्रिकी में डिप्लोमा के अंक पत्र, यथा लागू। सीजीपीए को प्रतिशत में परिवर्तित करने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों का साक्ष्य, यदि लागू हो।

**4)** सक्षम प्राधिकारी/बोर्ड द्वारा जारी आईटीआई/एनएसी/अभियांत्रिकी प्रमाण-पत्र पूरा करने से संबंधित अंतिम प्रमाण-पत्र/दीक्षांत प्रमाण-पत्र।

**5)** विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा सीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए अपनाए गए मानदंडों का साक्ष्य, यदि लागू हो।

**6)** शिक्षुता अंक पत्र और एनएसी (केवल तकनीशियन 'सी' पद के लिए) ।

**7)** अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (गै.न.व.)/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में अपना प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**8)** अन्य पिछड़ा वर्ग (गै.न.व.) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिनांक 01.10.2024 को या उसके बाद जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में सामुदायिक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा और सक्षम प्राधिकारी द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र स्वीकार किया जाएगा। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध कराए गए हैं)

**9)** बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए: पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए दिव्यांगता 40% से कम नहीं होना चाहिए। जो व्यक्ति छूट का लाभ उठाना चाहता है, उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**10)** आरपीडब्ल्यूबीडी अधिनियम 2016 की धारा 2 (आर) के तहत परिभाषित बेंचमार्क दिव्यांगता पीडब्ल्यूबीडी वाले व्यक्तियों को स्क्राईब की सुविधा दी जाएगी। उम्मीदवारों को अपने खर्च पर स्क्राईब की व्यवस्था करनी होगी।

**11)** मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के चिकित्सा अधिक्षक से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही स्क्राईब की अनुमति दी जाएगी, प्रमाण पत्र में यह प्रमाण हो कि सम्बंधित व्यक्ति को लिखने में शारीरिक कठिनाई है और उसकी ओर से कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए स्क्राईब आवश्यक है। प्रमाण पत्र बी ई एल वेबसाईट पर उपलब्ध प्रारूप में होना चाहिए।

**12)** उम्मीदवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले स्क्राईब के योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एस स्तर कम होनी चाहिए और उम्मीदवार को बी ई एल वेबसाईट पर उपलब्ध प्रपत्र के अनुसार स्क्राईब का विवरण प्रस्तुत करना होगा, जो किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित हो। उम्मीदवार को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में उपस्थित होने के समय हस्ताक्षरित/सत्यापित प्रपत्र साथ लाना/ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**13)** न्यूनतम 40 प्रतिशत प्रासंगिक दिव्यांगता वाले अभ्यार्थी पीडब्ल्यूबीडी के रूप में आरक्षण और छूट के लिए पात्र होंगे। दिव्यांगता प्रमाण-पत्र चिकित्सा बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया जाना चाहिए। (निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.bel-india.in पर उपलब्ध है)।

**14)** यदि लागू हो, अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (यदि वह सरकारी/अर्ध सरकारी/पीएसयू में कार्यरत हैं) ।

**15)** इन पदों के लिए आवेदन करने वाले पूर्व सैनिकों को भारतीय सशस्त्र बलों (सेना/नौसेना/वायु सेना) से संबंधित अधिकारियों द्वारा जारी कार्यमुक्ति पत्र प्रस्तुत करनी होगी।

**16)** कर्नाटक राज्य के रोजगार कार्यालय के वैध रोजगार पंजीकरण कार्ड। रोजगार कार्यालय का पंजीकरण दिनांक 04.11.2025 को वैध और सक्रिय होना चाहिए।

इस पद के लिए आवेदन करने हेतु- https://jobapply.in/BEL2025BNGEATTech लिंक पर क्लिक करें।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **04.11.2025 है।**

<u>विज्ञापन, आवेदन शुल्क का भुगतान, आवेदन पत्र के ऑनलाइन जमा करने के सम्बंध में तकनीकी सहायता से सम्बंधित प्रश्नों के लिए कृपया ईमेल आईडी: belbng@jobapply.in पर संपर्क करें।</u>

---

********* अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र (गैर-नवोन्नत वर्ग) और ईडब्ल्यूएस के लिए निम्नलिखित अधिकारियों में से किसी एक द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी आय और परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र केवल अ.पि.व. / ईडब्ल्यूएस से संबंधित होने के अभ्यर्थी के दावे के साक्ष्य के रूप में स्वीकार किए जाएंगे –

i. जिला दंडाधिकारी / अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी / जिलापाल / उप आयुक्त / अतिरिक्त उप आयुक्त / प्रथम श्रेणी छात्रवृत्ति दंडाधिकारी / उप-प्रभागीय दंडाधिकारी / तालुका दंडाधिकारी / कार्यपालक दंडाधिकारी / अतिरिक्त सहायक आयुक्त

ii. मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी / अपर मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी / प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी

iii. तहसीलदार या उससे उच्च अथवा समान पद के राजस्व अधिकारी और

iv. उप-प्रभागीय अधिकारी उस क्षेत्र के जहां अभ्यर्थी और/या उनका परिवार सामान्य रूप से रहता है।